# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jannayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक : 34/रा0से0यो0ज0ना0च0वि0वि0ब0/2019 दिनांक 02/02/2019


सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रमाधिकारी,**
सम्बद्ध–जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषय :– **राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 31.01.2019 की कार्यवाही प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया

राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 31.01.2019 को सम्पन्न हुयी। इसकी कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ प्रेषित की जा रही है।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 साहेब दूबे)
अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक
रा0से0यो0
ज0ना0च0 विश्वविद्यालय बलिया।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–**

1. कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
2. राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति के समस्त माननीय सदस्यगण।
3. निजी सचिव, कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्री महेश कुमार उपकुलसचिव को इस आशय से प्रेषित की कृपया उपरोक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

(डॉ0 साहेब दूबे)
अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक

Scanned by CamScanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की बैठक

## दिनांक 31.01.2019 का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 31.01.2019 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में अपराह्न 01.00 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगणों ने भाग लिया।

1. प्रो0 योगेन्द्र सिंह — अध्यक्ष
   कुलपति, ज0ना0च0वि0वि0, बलिया
2. श्री संजय कुमार — सदस्य
   कुलसचिव, ज0ना0च0वि0वि0, बलिया
3. श्री यमुना प्रसाद नामित प्रतिनिधि (डॉ0 अशोक श्रोती) — सदस्य
   क्षेत्रीय निदेशक, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार
4. डॉ0 रामप्रकाश कुशवाहा नामित प्रतिनिधि (श्री अंशुमाली शर्मा) — सदस्य
   विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी
   उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ
5. डॉ0 अशोक कुमार श्रीवास्तव — सदस्य
   अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, श्री मु0म0टा0स्ना0महा0, बलिया
6. डॉ0 रीना सक्सेना, — सदस्य
   प्राचार्य, गुलाब देवी महिला पी0जी0, बलिया
7. डॉ0 राजीव कुमार — सदस्य
   अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग, श्री मु0म0टा0स्ना0महा0, बलिया
8. डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव — सदस्य
   प्राचार्य, श्री मु0म0टा0स्ना0महा0, बलिया
9. डॉ रामप्रकाश कुशवाहा — सदस्य
   प्राचार्य, शहीद मंगल पाण्डेय महिला महाविद्यालय, नगवा, बलिया
10. विवेक कुमार सिंह, — सदस्य
    छात्र प्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेव योजना
11. डॉ0 अजय कुमार पाण्डेय, — सदस्य
    कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, श्री मु0म0टा0स्ना0महा0, बलिया
12. डॉ0 संजय कुमार शुक्ला — सदस्य
    कार्यक्रम अधिकारी, किसान पी0जी0 कालेज, रकसा रतसर, बलिया
13. श्री संजय कुमार मिश्र — सदस्य
    एन0जी0ओ0 रामराज सेवा संस्थान, बलिया
14. डॉ0 अशोक सिंह — सदस्य
    प्रभारी रोवर्स रेंजर्स, कुंवर सिंह पी0जी0 कालेज, बलिया
15. डॉ0 अरविन्द नेत्र पाण्डेय — सदस्य
    राष्ट्रीय कैडेट कोर, सतीश चन्द्र पी0जी0 कालेज, बलिया
16. श्री प्रकाश सिंह — सदस्य
    वित्त अधिकारी, ज0ना0च0वि0वि0, बलिया
17. डॉ0 साहेब दूबे, — सदस्य/सचिव
    कार्यक्रम समन्वयक, ज0ना0च0वि0वि0, बलिया

Scanned by CamScanner

**प्रस्ताव सं0–1** : विश्वविद्यालय की वर्ष–2017–18 की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रगति रिपोर्ट।

**निर्णय** : डॉ0 साहेब दूबे अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक ने पिछले सत्र 2017–18 की उपलब्धियों को बताया जो निम्नवत् है :–

**राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सत्र 2017–18 की उपलब्धियां**

1. 21 जून, 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय कुलपति महोदय के साथ जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा एन0एस0एस0 के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।
2. राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितम्बर, 2017 के अवसर पर श्री मुरली मनोहर टाउन स्ना0 महाविद्यालय, बलिया में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मेजर डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने छात्र/छात्राओं का राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के विषय में वृहद जानकारी दी।
3. 01 दिसम्बर, 2017 को एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, इस रैली को एस0डी0एम0 श्री मनोज सिंघल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया।
4. 8 दिसम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाईयों द्वारा 46 यूनिट केवल रक्तदान श्री मुरली मनोहर टाउन स्ना0 महाविद्यालय, बलिया द्वारा किया गया तथा विभिन्न दिवसों पर अन्य महाविद्यालयों ने 45 यूनिट रक्तदान किया।
5. विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस 22 दिसम्बर, 2017 से पूर्व दिनांक 20 एवं 21 दिसम्बर को विश्वविद्यालय परिसर में 10 महाविद्यालयों द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया तथा स्थापना दिवस के दिन भी राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को माननीय कुलपति जी ने प्रशंसा की।
6. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी श्री अंशुमाली शर्मा के मौखिक आदेशानुसार चार महाविद्यालयों की विशेष शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। छात्र/छात्राओं ने इस नवसृजित विश्वविद्यालय के विकास में अपना काफी योगदान दिया।
7. वर्तमान में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुल 19 महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की कुल 34 इकाईयों का शासन द्वारा आवंटन हुआ है। इन इकाईयों के माध्यम से कुल 3400 छात्र/छात्रायें समाजसेवा के कार्यक्रमों में संलग्न रहे। इन छात्र/छात्राओं ने सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने–अपने चयनित गांवों में वृक्षारोपण, मतदाता जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, नशा उन्मूलन पर विचार गोष्ठी की गयी, पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया गया तथा विशेष शिविर के अन्तर्गत सात दिनों तक अपने–अपने चयनित गांवों में शिविर के माध्यम से समाज सेवा का कार्य किया।

Scanned by CamScanner

**प्रस्ताव संख्या–2** : **महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रमाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजन करने पर विचार विमर्श।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय स्तर पर दो दिवसीय कार्यक्रमाधिकारियों का प्रशिक्षण, शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय में कराया जाय तथा तिथि का शीघ्र निर्धारण कर कुलपति महोदय को अवगत कराया जाय। समिति ने निर्णय किया कि इसमें होने वाला व्यय राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य खाते से या पंजीकरण शुल्क के खाते से किया जायेगा, जिसमें धनराशि उपलब्ध हो।

**प्रस्ताव सं0–3** : **विभिन्न महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने हेतु विचार विमर्श एवं धनराशि का आवंटन**

**निर्णय** : सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया तथा इस पर होने वाले व्यय राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य खाते से या पंजीकरण शुल्क के खातते से किया जायेगा, जिसमें धनराशि उपलब्ध हो।

**प्रस्ताव सं0–4** : **नवीन इकाईयों के आवंटन के सम्बन्ध में विचार विमर्श।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि यथाशीघ्र नवीन इकाईयों के आवंटन हेतु विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी को अवगत कराया जाय। इस सम्बन्ध में सलाहकार समिति को कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि 14 महाविद्यालयों को 19 इकाईयों हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर दी गयी है। इसे पुनः स्मरण–पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए।

**प्रस्ताव सं0–5** : **अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षित कराने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालयों के अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षित करने हेतु शासन को सूचित किया जाए।

**प्रस्ताव सं0–6** : **राष्ट्रीय सेवा योजना, बजट सत्र 2017–18 के उपभोग के सम्बन्ध में।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति के समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक ने बजट सत्र 2017–18 में शासन द्वारा कुल नियमित कार्यक्रम हेतु रू0 1096970.00 एवं विशेष शिविर हेतु रू0 1003091.00 शासन द्वारा प्राप्त हुआ तथा महाविद्यालयों के भुगतान रू0 602687.00 पॉकेट एलाउन्स 6255.00 रू0 पी0सी0 टी0ए0डी0ए0 रू0 10000.00, स्टेशनरी टेलीफोन रजिस्ट्री इत्यादि पर 19770.00 रू0 इस तरह सामान्य कार्यक्रम हेतु कुल रू0 458258.00 एवं विशेष कार्यक्रम हेतु रू0 765000.00 धन का उपभोग तथा कुल अवशेष सामान्य कार्यक्रम खाते में 458258.00 एवं विशेष शिविर (कैम्प) खाते में रू0 238091.00 बताया। इसको समिति ने सर्वसम्मति से पारित किया।

**प्रस्ताव सं0–7** : **विवेकानन्द पुरस्कार दिये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श एवं धन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति द्वारा विवेकानन्द पुरस्कार शुरू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

**प्रस्ताव सं0–8** : **बैज एवं डायरी मंगाने के सम्बन्ध में।**

**निर्णय** : सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि बैज एवं डायरी यथाशीघ्र मंगायी जाय तथा इस पर आने वाले भुगतान को सामान्य खाते

Scanned by CamScanner

एवं पंजीकरण शुल्क से किया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| **प्रस्ताव सं0–9** | : | **राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु विचार विमर्श।** |
| **निर्णय** | : | सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि क्लास–तृतीय एवं चतुर्थ के कर्मचारियों का भुगतान बजट को देखते हुए सामान्य खाते से करने का सैद्धान्तिक रूप से प्रस्ताव पास किया। |
| **प्रस्ताव सं0–10** | : | **इस सत्र में सम्परीक्षा कराने, पूर्व वर्ष की आख्या व्यय विरण तथा कार्यक्रमाधिकारियों का चुनाव कराने के उपरान्त ही इकाई चलाने की अनुमति।** |
| **निर्णय** | : | समिति ने सर्वसम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव को पारित किया और इसका निर्णय लेने के लिए कार्यक्रम समन्वयक को स्वतंत्र किया। |
| **प्रस्ताव सं0–11** | : | **अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।** |
| | : | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्न प्रस्ताव रखे गये। |

1. विश्वविद्यालय परिसर में नजदीक के कॉलेजों का एकदिवसीय एवं विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया गया।
2. प्रत्येक इकाई द्वारा एक दिन का यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाय। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी, ग्राम प्रधान तथा बी0डी0ओ0 आदि से सम्पर्क करके ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जाए।
3. प्रत्येक इकाई द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाय और इसमें यह ध्यान रखा जाय कि रोपित वृक्ष की सुरक्षित रखने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।
4. प्रत्येक इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए और इस शिविर में विभिन्न बीमारियों के बारे में तथा उनके बचाव के उपायों के बारे में स्वयंसेवकों तथा ग्राम वासियों को अवगत कराया जाए।
5. वर्ष 2019 को लोकसभा का निर्वाचन का वर्ष है। अतः प्रत्येक इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाया जाए तथा नये तथा पुराने ग्रामवासियों को उनके मतदाता पत्र बनवाने के लिए जागरूक किया जाए।
6. जनसंख्या नियंत्रण के विषय में स्वयंसेवकों को तथा ग्रामवासियों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।

**निर्णय** : अध्यक्ष महोदय तथा विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी उ0प्र0 शासन एवं प्रतिनिधि क्षेत्रीय निदेशक युवा एवं खेल मंत्रालय, लखनऊ ने सम्यक रूप से निर्णय लिया कि उपरोक्त प्रस्तावित प्रस्तावों को मानते हुए इकाईयों का संचालन कराया जाए, जिसको समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

(डॉ0 साहेब दूबे)
अंशकालिक काय्रक्रम समन्वयक / सचिव सदस्य

(प्रो0 योगेन्द्र सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष

Scanned by CamScanner